सरिस्का टाइगर रिजर्व की सीमा बदलाव और खनन की मंजूरी के मुद्दे पर हंगामा

विपक्ष के प्रश्न को स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित होने की बात कहते हुए स्थगित कर दिया

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को सरिस्का टाइगर रिजर्व की सीमाओं में बदलाव और खनन को मंजूरी देने से जुड़ा मामला गर्मा गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा इस मुद्दे पर उठाए गए सवाल को सदन में प्रश्नकाल के दौरान सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित होने का हवाला देते हुए प्रश्न को स्थगित कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष ने सरिस्का टाइगर रिजर्व की सीमाओं के विस्तार, बंद खानों को दोबारा शुरू करने और क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट की सीमाओं को लेकर कोर्ट में पेश की गई रिपोर्ट पर वन मंत्री संजय शर्मा से जवाब मांगा था। बताया जा रहा है कि इस मुद्दे पर सदन में तीखी बहस और हंगामे की आशंका है, क्योंकि कांग्रेस पहले भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर रही है।

बुधवार को भी सदन में इस विषय को लेकर टकराव देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक, वन मंत्री संजय शर्मा तैश में आकर नेता प्रतिपक्ष जूली की ओर बढ़े थे, लेकिन साथी मंत्रियों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी थी। गुरुवार को फिर से दोनों नेताओं के बीच तीखी तकरार के आसार हैं, खासकर जब दोनों ही अलवर जिले से आते हैं और स्थानीय राजनीति में आमने-सामने रहते हैं। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री ने इस विवाद की जड़ को पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का ''बवंडर'' करार दिया, जिस पर जूली ने पलटवार करते हुए कहा, अब वो नेता बीजेपी में शामिल हो चुका है।

सरिस्का जैसे संवेदनशील टाइगर रिजर्व की सीमाओं में बदलाव और खनन जैसे मसले पर सरकार और विपक्ष की इस टकराव भरी राजनीति ने वन्य संरक्षण से जुड़े सवालों को फिर से सुर्खियों में ला दिया।

एस.के.आई.टी. में विद्यार्थियों को प्रबंधन और शिक्षा के अवसर-चुनौतियां बताईं

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोथन के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा ''शुभारंभ 2025'' ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जयपुर । स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोथन (एस.के.आई.टी एम एंडजी), जयपुर के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा ''शुभारंभ 2025'' ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशित एमबीए (2025-2027) बैच के विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा के अवसरों और चुनौतियों से अवगत कराने के साथ-साथ भावी प्रबंधकीय भूमिकाओं के लिए प्रेरित एवं सशक्त करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। विभागाध्यक्ष डॉ. सविता चौधरी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विभाग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान निदेशक जयपाल मील ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि निष्ठा और अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने से ही सफलता सुनिश्चित होती है। अकादमिक निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.एल. सुराणा ने कहा कि विद्यार्थियों को नवीन ज्ञान और तकनीकी परिवर्तनों के साथ स्वयं को अद्यतन रखना चाहिए, तभी वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बन सकते हैं। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार पचार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कठोर परिश्रम और मूल्य-आधारित शिक्षा ही उत्कृष्टता की कुंजी है।

विशेष अतिथि देविश्वरी प्रजापत (संस्थापक-निदेशक, 2 एचआर सॉल्यूशन्स एवं बिज़नेस पार्टनर-कंसल्टेंसी सर्विसेज) और मुकेश व्यास (प्रिंसिपल कंसल्टेंट - प्री-सेल्स, सेल्सफोर्स प्रैक्टिस, इन्फोसिस लिमिटेड) ने विद्यार्थियों को उद्योग जगत में प्रबंधन क्षेत्र की बदलती संभावनाओं से अवगत कराया। मुख्य अतिथि प्रो. अनिल मेहता (प्रोफेसर, विधि अध्ययन विभाग, बनस्थली विश्वविद्यालय) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रबंधन शिक्षा और नेतृत्व कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने का आव्हान किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर का भी अनावरण किया गया। कार्यक्रम का सफल समन्वयन डॉ. अतुल गुप्ता (सह-प्राध्यापक एवं उप-प्रमुख, डीएमएस) और डॉ. अजय वर्मा (सह-प्राध्यापक, डीएमएस) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. अतुल गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करने के साथ हुआ।

प्रदेश में लम्पी रोग के नियंत्रण और रोकथाम के लिये समन्वय बैठक

शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने इस रोग के नियंत्रण हेतु कार्ययोजना बनाकर सभी स्टेक होल्डर्स विभागों को समेकित प्रयास के निर्देश दिए

जयपुर । प्रदेश में लम्पी स्किन डिजीज रोग के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिये समयबद्ध तैयारियों एवं अन्य सम्बन्धित विभागों में अन्तर विभागीय समन्वय स्थापित किये जाने हेतु शासन सचिवालय में डॉ. समित शर्मा शासन सचिव पशुपालन विभाग की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई।

पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर लम्पी रोग की रोकथाम पर चर्चा की।

बैठक में पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनंद सेजरा, गोपालन निदेशक प्रह्लाद सहाय नागा तथा पशुपालन, डेयरी-गोपालन विभाग एवं अन्य स्टेक होल्डर्स विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में डॉ. शर्मा ने इस वर्ष लम्पी स्किन डिजीज रोग के नियंत्रण एवं रोकथाम की पूर्व तैयारियां समय पर सम्पादित किये जाने की आवश्यकता पर बल देते हुये यह निर्देश दिए कि कि गत वर्ष के अनुभवों के आधार पर रोग नियंत्रण-रोकथाम की कार्ययोजना चिन्हित की जानी तथा समस्त स्टेक होल्डर्स विभागों द्वारा समय रहते समेकित प्रयास किये जाने आवश्यक हैं।

वर्तमान में राज्य के कुछ जिलों में लम्पी स्किन डिजीज रोग प्रकोप के छिटपुट मामले मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। विभाग द्वारा उक्तानुसार केसेज मिलने पर रोग सर्वेक्षण, निदान एवं रोग नियंत्रण आदि की कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। इस परिप्रेक्ष्य में विभाग द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी लम्पी स्किन डिजीज निदान योजना तथा लम्पी स्किन डिजीज नियंत्रण दिशा निर्देश के अनुरूप कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। विभाग द्वारा रोग नियंत्रण हेतु राज्य के समस्त गौ वंशीय पशुओं (लगभग 139 लाख गौवंशीय पशु) में गॉट पॉक्स वैक्सीन लगाई गयी है।

डॉ. शर्मा ने रोग नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु विभागवार तैयारियों की समीक्षा करते हुये पशुपालन विभाग को रोग सर्वेक्षण, निदान-सेम्पल कलेक्शन, उपचार तथा रोग नियंत्रण व रोकथाम की गाईडलाईन का प्रारूपण तथा इनकी पालना पशु चिकित्सा संस्थाओं-लैब्स के माध्यम से सुनिश्चित किए जाने तथा पशु चिकित्सा संस्था स्तर तक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि रोग प्रकोप की स्थिति में विभाग द्वारा जारी गाईडलाईन के अनुरूप एपिसेन्टर, संक्रमित, उपचारित एवं मृत पशुओं की दैनिक सूचना निदेशालय को प्रेषित की जाए। पशु चिकित्सा संस्था स्तर पर लम्पी स्किन डिजीज से ग्रसित, उपचारित,मृत तथा रिकवर्ड पशुओं के पशुपालकों का रिकार्ड (जनआधार कार्ड की सूचना के साथ) संधारित किया जाए ताकि एपिडिमियोलोजिकल स्टडीज आदि हेतु इनका उपयोग किया जा सके। डॉ शर्मा ने मृत पशुओं के शवों के वैज्ञानिक रीति से निस्तारण हेतु विभागीय अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित स्थानीय निकाय तथा अन्य स्टेक होल्डर्स विभागों को तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाने के निर्देश प्रदान किये।

शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने गोपालन विभाग को गौशालाओं में संधारित गौवंशीय पशुओं में रोग के नियंत्रण हेतु जैव सुरक्षा उपायों की पालना सुनिश्चित करने, गौशाला के संक्रमित पशुओं को खुले में चराने के लिये नहीं छोड़ने, गौशालाओं में सम्मिलित होने वाले नये पशुओं का कम से कम 14 दिवस हेतु क्वारेंटाईन किए जाने के निर्देश प्रदान किये।

'मोदी सरकार के जी.एस.टी. फैसले से आमजन को राहत'

जयपुर । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में किए गए संशोधनों को आमजन के लिए राहतदायक करार दिया है। गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लिया गया यह फैसला मध्यमवर्गीय परिवारों, छोटे व्यापारियों और जरूरतमंद लोगों के हित में है। राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार ने जहां एक ओर लग्जरी वस्तुओं पर टैक्स स्लैब में बढ़ोतरी की है, वहीं दूसरी ओर जीवन रक्षक दवाइयों, अधिक तापमान वाले दूध, पैक और लेबल वाले छेना व पनीर, चपाती, पराठा, परोटा जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं को टैक्स मुक्त कर दिया है। यह फैसला व्यापारियों के लिए सहूलियत भरा है और इससे बिजनेस को भी बढ़ावा मिलेगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले से महंगाई पर भी नियंत्रण होगा। उन्होंने दावा किया कि 2014 में देश में महंगाई दर 9.8 प्रतिशत थी, जो अब 2025 में घटकर 2.1 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वैश्विक स्तर पर महंगाई दर में वृद्धि हुई है, जबकि भारत में इसके उलट स्थिति है। राठौड़ ने कहा कि नई टैक्स नीति से महंगाई दर में और गिरावट संभव है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आमजन को भ्रमित किया है। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहते हुए कभी भी इस प्रकार के मुद्दों को नहीं उठाते थे, लेकिन आज लीपापोती में लगे हैं। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में वैट दरों को 36 प्रतिशत तक बढ़ाया था, जबकि भाजपा सरकार ने लगातार आमजन को राहत देने वाले फैसले लिए हैं।राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेता केवल बयानबाजी करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान राहुल गांधी ने कैबिनेट नोट्स तक फाड़े थे और आज वही गरीबी हटाने की बातें कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस केवल रोटी, कपड़ा और मकान के नाम पर वोट मांगती रही है, लेकिन कभी गरीबों के लिए ठोस काम नहीं किया। राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से जीएसटी में बदलाव की घोषणा की थी, जिसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में यह फैसला लिया।

'राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं शिक्षक'

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिक्षक दिवस (5 सितम्बर) के अवसर पर प्रदेशभर के शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस न केवल एक पर्व है, बल्कि समाज में शिक्षक की भूमिका और महत्ता का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री ने देश के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। यह दिन हमें उन शिक्षकों की याद दिलाता है, जो विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान और संस्कारों का संचार कर उन्हें एक बेहतर नागरिक बनाते हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए लगातार कार्य कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में लागू की जा रही योजनाएं और नीतियां धरातल पर सकारात्मक परिणाम दे रही हैं।

सार-समाचार

''हुंडई होप फॉर कैंसर'' पहल शुरू

जयपुर । कभी न कभी हम सबने सुना है कि किसी बच्चे की मासूम हंसी कैंसर जैसी बीमारी के कारण धीमी पड़ गई। ऐसे हालात में एक उम्मीद की किरण लेकर आई है, हुंडई मोटर इंडिया और आईआईटी मद्रास की साझेदारी। दोनों ने मिलकर ''हुंडई होप फॉर कैंसर'' नाम की पहल की है, जो बच्चों के कैंसर के उपचार को नए युग में ले जाने वाला कदम है। इस पहल के तहत आईआईटी मद्रास के कैंपस में देश का पहला कैंसर जीनोमिक्स सेंटर और टिश्यू बायोबैंक बनाया गया है। इसका उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। यहाँ बच्चों के ल्यूकेमिया और लिंफोमा जैसे कैंसर की जीनोमिक सीक्वेंसिंग होगी, जिससे हर मरीज को व्यक्तिगत उपचार मिल सकेगा। हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन ने इस परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपए देने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके साथ ही, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद के लिए 3 करोड़ रुपए का विशेष कैंसर केयर फंड भी बनाया गया है। आने वाले 4 वर्षों में तमिलनाडु, हरियाणा और महाराष्ट्र में 225 से अधिक कैंप लगेंगे, जिनमें 1.27 लाख लोगों की जाँच और 5 हजार लड़कियों का एचपीवी टीकाकरण होगा। इस मौके पर एचएमआईएल के प्रबंध निदेशक उन्सू किम तथा आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि ने कहा कि बच्चों की मुस्कान को लौटाने की इस पहल से कैंसर उपचार में सटीकता और उम्मीद, दोनों बढ़ने वाली हैं।

रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

जयपुर । सतीश चंद्र अग्रवाल की 28वीं पुण्यतिथि पर राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन एवं स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के समर्थन से राजस्थान उच्च न्यायालय में 10 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। सतीश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी एडवोकेट शशांक अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन राजस्थान हाईकोर्ट की कार्यकारिणी व अन्य अधिवक्ता की उपस्थिति में सतीश चंद्र सभागार में किया गया। राजस्थान बार के महासचिव रमित पारीक, उपाध्यक्षक बाबू लाल व वंदना शर्मा, सुनीता मीणा, संजू सैनी, अंशुमान सक्सेना, अतुल सक्सेना, अश्विनी जैमन, कुणाल जैमन, सिद्धार्थ बापना, हेमंत शेखावत, प्रमोद पौंख ,पल्लव झालानी ने शिरकत की। सभी अधिवक्ता गण से अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया व कई अधिवक्ताओं ने रक्तदान करने का प्रण भी लिया।

अंजलि सिंह ने जीएसटी सुधारों को सराहा

जयपुर (कासं) । भारतीय उद्योग परिसंघ (सी.आई.आई.) उत्तरी क्षेत्र ने केंद्र सरकार द्वारा घोषित नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधारों का स्वागत किया है और कहा है कि ये सुधार प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने, अनुपालन को आसान बनाने और प्रमुख क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करने की बड़ी क्षमता रखते हैं। चेयरपर्सन अंजलि सिंह ने कहा कि नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधार अनुपालन को सरल बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार की सहजता को प्रोत्साहित करने की एक ऐतिहासिक पहल है। ये सुधार न केवल निवेशकों के विश्वास को मजबूत करेंगे, बल्कि मांग और अर्थव्यवस्था में वृद्धि को भी बल देंगे। विनिर्माण क्षेत्र के लिए विशेष रूप से, ऑटोमोबाइल और उसके घटकों पर जीएसटी दरों में कमी आपूर्ति श्रृंखलाओं और छोटे विक्रेताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी और प्रतिस्पर्धात्मकता तथा दीर्घकालिक विकास को समर्थन देगी। मिलकर ये कदम भारत को नवाचार, निवेश और औद्योगिक उत्कृष्टता का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेंगे।

''दर्शनम आर्ट फेस्टिवल'' आज

जयपुर (कासं)। रघुकुल ट्रस्ट और फेयरमॉन्ट जयपुर की ओर से 5 सितंबर को ''दर्शनम आर्ट फेस्टिवल'' का आयोजन किया जायेगा। समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी होंगी, जबकि विरिष्ट अतिथि टूरिज्म, आर्ट एंड कल्चर विभाग के प्रिसिंपल सेक्रटी राजेश यादव (आई.ए.एस.) होंगे। फेयरमेंट होटल जयपुर में शुक्रवार दोपहर 3 से 5 बजे तक यह आयोजन होगा।

''काली सलवार'' नाटक का मंचन

जयपुर । अर्जुन नाट्य संस्था जयपुर द्वारा लेखक सआदत हसन मंटो की प्रसिद्ध कहानी पर आधारित नाटक ''काली सलवार'' का मंचन रविन्द्र मंच में किया गया। पवन सोनी के निर्देशन में इस नाटक के जरिए सुल्ताना नामक एक यौनकर्मी की कहानी को बयाँ किया गया है, जो उसकी एक काली सलवार पहनने की गहरी इच्छा के इर्द गिर्द घूमती है, जिसे वह अपनी आर्थिक तंगी के कारण ख़ुद नहीं ख़रीद पाती। नाटक यौनकर्मियों की उन आकांक्षाओं, सपनों और इच्छाओं को भी दर्शाता है जो हर आम महिला की तरह उनके भीतर भी जन्म लेती है पर उनकी इन बातों को समाज तवज्जोह नहीं देता। यह नाटक दिखाता है कि कैसे वह अंततः काली सलवार हासिल करने के बाद भी खुद को इसके बगैर ही पाती है । जेनिस हाश्मी, तन्मय सिंह, उत्कर्ष कश्यप, नीर खत्री, खुशी जैन,भूमिका कौशिक, आकर्ष काला, प्रथम मित्तल,आकाश मंडार संगीत मनीषा शेखावत, बैक स्टेज आनंद मोहन शर्मा, प्रथम सह निर्देशन तन्मय सिंह तथा प्रकाश परिकल्पना ने किया ।

'मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग के आवेदक दस्तावेज अपडेट करें'

जयपुर । सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन से पूर्व संबंधित दस्तावेजों को जनाधार, राज-ई-वॉल्ट या डिजी लॉकर पर अपडेट करवाने की अपील की है।

मोदी ने कहा कि पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व जनाधार में मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित जानकारी तथा राज-ई-वॉल्ट या डिजी लॉकर में 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिकाओं का डेटा अद्यतन करवा लें, ताकि योजनान्तर्गत निर्धारित अवधि में आवेदन करते समय उक्त दस्तावेजों से सम्बधित डेटा, योजना के पोर्टल पर ऑटो-फेच हो सकें और बिना किसी परेशानी के आवेदन किया जा सके। विभाग द्वारा 14 सितंबर, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

कैंसर सर्वाइवर ताहिरा ने कहा ''मैंने चॉइस में खुशी को चुना''

जयपुर । फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन जयपुर चैप्टर की ओर से गुरुवार को यहां होटल क्लार्क्स आमेर परिसर में फ्लो साहस - दागों से सितारों तक शीर्षक से एक खास कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मशहूर लेखिका, फिल्म निर्देशक और निर्माता ताहिरा कश्यप -मुखातिब हुई।

कैंसर सर्वाइवर ताहिरा ने अपने ड्रीम इवेंट के दौरान प्रेरणादायक जर्नी साझा की। कार्यक्रम को मॉडरेट फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की अध्यक्ष डॉ. रिम्मी शेखावत ने किया। कुछ ऐसी बीमारियां हैं जो लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं। जीवन कभी-कभी हमें अप्रत्याशित या बिना तैयारी के संघर्षों से गुजरने पर मजबूर करता है कैंसर उनमें से एक है। कार्यक्रम में ताहिरा कश्यप कहा कि चॉइस बहुत महत्वपूर्ण हैं, हर पल हमारे पास चुनने की शक्ति होती है, और मैं खुशी चुनती हूं। मन, शरीर और आत्मा एक ईकाई हैं, जो एक-दूसरे के भीतर रहते और एक-दूसरे को पूर्ण करते हैं।

कैंसर वास्तव में एक लड़ाई है, और फ्लो की कई सदस्य स्वयं इस संघर्ष से उबर चुकी हैं। यह एक भावपूर्ण कार्यक्रम रहा, जिसने सभी को जीवन के प्रति नया दृष्टिकोण दिया और गहराई से प्रेरित किया। कार्यक्रम का सह-संचालन फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन पूर्व अध्यक्ष विन्ने कक्कर ने किया। फिक्की फ्लो ने कार्यक्रम के दौरान जीवन रक्षा वाहन

शुरुआत की। यह 365 दिनों तक चलने वाली क्रांतिकारी मोबाइल स्वास्थ्य इकाई है, जो ग्रामीण महिलाओं के लिए स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच के लिए समर्पित है। समय पर स्वास्थ्य सेवा और जागरूकता कोई विशेषाधिकार नहीं बल्कि हर महिला का अधिकार होना चाहिए ।

यह स्वास्थ्य इकाई न केवल महिलाओं की स्क्रीनिंग करेगी, बल्कि संभावित कैंसर रोगियों को महात्मा गांधी अस्पताल तक ले जाकर मैमोग्राफी और आगे के उपचार में सहयोग भी करेगी। इस पहल का पहला चरण नागौर जिले से शुरू होगा, जहाँ सरकार के सहयोग से स्क्रीनिंग सीएचसी और पीएचसी स्तर पर की जाएगी।इस वैन का उद्घाटन प्रिंसिपल सेक्रेटरी(मेडिकल एवं हेल्थ) आईएएस गायत्री ने किया।

कच्ची बस्तियों में गांजा पहुंचाने वाले दो तस्कर पुलिस गिरफ्त में

जयपुर । ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की कच्ची बस्तियों में सप्लाई करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से नौ किलो सात सौ ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी छोटे-छोटे पैकेट बनाकर ड्रग्स की डिलीवरी करते थे। पुलिस फिलहाल

- **आरोपियों के कब्जे से 9.700 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद**
- **छोटे-छोटे पैकेट में ड्रग्स की डिलीवरी करते थे आरोपी तस्कर**

गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजे की कच्ची बस्तियों में सप्लाई करने वाले मुकेश बंजारा (38) निवासी हाथरस (उत्तर प्रदेश) हाल पालड़ी मीना जामडोली और संजय बंजारा (32) निवासी दत्तवास जिला टोंक हाल नाग तलाई गलता गेट को गिरफ्तार

किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से नौ किलो सात सौ ग्राम गांजा जब्त किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जयपुर की जवाहर नगर और ट्रांसपोर्ट नगर कच्ची बस्तियों में ड्रग्स सप्लाई करना बताया। छोटे-छोटे पैकेट में ड्रग्स की डिलीवरी देना कबूल किया। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

स्कूल जा रही छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म

जयपुर । करधनी थाना इलाके में पीड़ित पिता ने पडौस में रहने वाले युवक के खिलाफ अपनी नाबालिग बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने नाबालिग के बयनों के आधार पर पॉस्को एक्ट के तहत आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाले पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठा पड़ोसी युवक उसे डरा-धमका कर बाइक पर बैठा कर अपहरण कर ले गया और एक मकान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता को जाने से मारने की धमकी भी दी। आरोपी के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़ित छात्रा घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। जिसके बाद परिजनों ने मामला दर्ज कराया।

किराए का मकान ढूंढने के बहाने फोन चुराने वाला बदमाश पकड़ा

जयपुर (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किराए के बहाने मकानों की रैकी कर मोबाइल चोरी करने वाले चोर वाले शातिर स्नैचर और मोबाइल चोर गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से अन्य चोरी की वारदातों को लेकर गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

- **सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपी को दबोचा**
- **आरोपी से 5 मोबाइल फोन और बाइक जब्त की पुलिस ने**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किराए के बहाने मकानों की रैकी कर मोबाइल चोरी करने वाले चोर वाले शातिर स्नैचर और मोबाइल चोर आरोपी शेर सिंह गुर्जर (26) निवासी रुदावल जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी और स्नैचिंग के पांच मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक बाइक जो किराए से रहने वालों को अपना निशाना बनाता था। आरोपी दिन में किराए का मकान ढूंढने के बहाने से किराएदार को चिन्हित करता था और रात को घरों में घुसकर मोबाइल -कैश और सोने -चांदी के आभूषण लेकर फरार हो जाता था।

पुलिस ने बताया कि शातिर नकबजन ने सांगानेर में किराए से रहने वाले दम्पति के यहां 3 सितम्बर को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी चार्जिंग पर लगे मोबाइल फोन को चुरा कर फरार हो गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक नंबरों से उसे दबोच लिया।